15-04-2019

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश के स्टेट टास्क फोर्स (क्षय नियंत्रण) के चेयरमेन डा0 सूर्यकान्त ने बताया कि टी0बी0 देश की एक गम्भीर समस्या है। हमारे देश में टी0बी से प्रति तीन मिनट मे दो व्यक्तियों की मृत्यु हो जाती है तथा देश में प्रतिदिन 6000 लोग टी0बी0 से ग्रसित हो जाते हैं। भारत में दुनिया के 27 प्रतिशत टी0बी0 के रोगी है। विश्व स्वास्थ संगठन ने टी0बी0 रोग के समूल नाश के लिए 2030 तक की समय सीमा तय की है, जबकि भारत सरकार ने इसे 2025 तक खत्म करने का संकल्प किया है। इसके तहत तमाम तरह के अभियान चलाये जा रहे हैं, मगर टी0बी0 के मरीज बीच में ही इलाज छोड़ रहे हैं, जिससे कई समस्यायें उत्पन्न हो रही हैं।

इस सम्बन्ध में आज दिनांक 15 अप्रैल 2019 को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भटट्, रेस्पाइरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा0 सूर्यकान्त एवं अन्य संकाय सदस्यों की उपस्थिति में एक बैठक डा0 शैली बत्रा के साथ सम्पन्न हुयी। डा0 शैली बत्रा जो कि के0जी0एम0यू0 की पुरानी छात्रा रह चुकी हैं तथा आपरेशन आशा नामक स्वयंसेवी संस्था चला रही है। उन्होंने टी0बी0 के उन्नमूलन में के0जी0एम0यू0 के साथ विभिन्न तरीको से सहयोग करने हेतु आश्वासन दिया।

डा0 शैली बत्रा ने बताया कि टी0बी0 के बारे मे चिकित्सा शिक्षा, सक्रिय खोज तथा नियमित उपचार के सम्बन्ध में संस्था सहयोग करेगी। मा0 कुलपति जी ने बताया कि डा0 शैली की संस्था के सहयोग से शीघ्र ही के0जी0एम0यू0 के पास की गरीब बस्तियों में टी0बी0 के रोगियो की खोज, उनका नियमित उपचार तथा टी0बी0 के बारे में स्वास्थ शिक्षा की जानकारी के लिए एक अभियान चलाया। उक्त बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य क्षय नियंत्रण अधिकारी डा0 सन्तोष गुप्ता भी उपस्थित रहे।